<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3565

16 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

इस्पात का घरेलू उत्पादन

3565. श्री रविन्दर कुशवाहाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में इस्पात की खपत में घरेलू उत्पादन की हिस्सेदारी घट रही है जबकि आयात की हिस्सेदारी वर्षों से बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इस्पात की खपत में आयात की हिस्सेदारी को कम करने के लिए सीमा शुल्क में वृद्धि करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी नहीं। कुल खपत, खपत में स्वदेशी उत्पादन और आयातों की हिस्सेदारी से संबंधित पिछले तीन वर्षों के आंकड़े नीचे दर्शाए गए हैं। ये आंकड़े कुल फिनिश्ड इस्पात की खपत में आयात के हिस्से में गिरावट तथा स्वदेशी उत्पादन के हिस्से में सकारात्मक वृद्धि के रुझान दर्शाते हैं।

वर्ष	खपत (एमटी में)			खपत में आयात की % हिस्सेदारी	खपत में स्वदेशी उत्पादन की % हिस्सेदारी
	कुल	स्वदेशी उत्पादन का हिस्सा	आयात का हिस्सा		
2016-17	84.04	76.81	7.23	8.6	91.4
2017-18	90.70	83.22	7.48	8.2	91.8
2018-19	98.71	90.87	7.84	7.9	92.1
स्रोत: जेपीसी, एमटी= मिलियन टन					

(ग) और (घ): आयात अथवा निर्यात शुल्कों में परिवर्तनों को अधिसूचित करने संबंधी निर्णय एकाधिक कारकों पर निर्भर करता है।

****